कार्यालय
आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड उ0प्र0
''आयुर्वेद भवन'', 32 सरोजिनी नायडू मार्ग,लखनऊ ।

संख्या /बोर्ड–आयु0फार्मे0उप0 वार्षिक परीक्षा /26 लखनऊ दिनांक– 05 –09–2026

**कार्यालय –ज्ञाप**

मा0 नियंत्रक महोदय के आदेशों के कम में बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रधानाचार्य/प्रबन्धकों को सूचित किया जाता है कि आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उ0प्र0 से मान्यता प्राप्त अनुचिकित्सकीय प्रषिक्षण केन्द्रों के सत्र 2021–22 की आयुर्वेदिक उपचारिकाओं की वार्षिक प्रसूति परीक्षा, सत्र 2022–23 की आयुर्वेदिक एवं यूनानी उपचारिकाओं की अन्तिम वर्ष वार्षिक परीक्षा, सत्र 2023–24 के आयुर्वेदिक एवं यूनानी फार्मेसिस्टों की अन्तिम वर्ष वार्षिक परीक्षा एवं सत्र 2024–25 के आयुर्वेदिक तथा यूनानी फार्मेसिस्ट तथा उपचारिकाओं की प्रथम वर्ष वार्षिक परीक्षा दिनांक 15–09–2026 से प्रारम्भ होगी ।

यदि किसी संस्था के किसी छात्र का वार्षिक परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म किन्ही कारणों से बोर्ड कार्यालय में तत्समय निर्धारित तिथि में जमा नही किया जा सका है , वे दिनांक 08–09–2026 की सायं 05 बजे तक बिलम्ब शुल्क रू0 500–00 प्रति छात्र अर्थात कुल रू0 3250–00 प्रति छात्र का बैंक ड्राफ्ट जो कि रजिस्ट्रार, आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय हो, परीक्षा फार्म बोर्ड कार्यालय में जमा कर सकते है । दिनांक 08–09–2026 के उपरान्त किसी भी दशा में बोर्ड कार्यालय में परीक्षा फार्म जमा नही किये जायेगें । यदि किसी संस्था का कोई छात्र परीक्षा फार्म जमा नही कर पाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व प्रशिक्षण केन्द्र का होगा ।

(डा0 अखिलेश कुमार वर्मा )
परीक्षा नियंत्रक

संख्या 3361/बोर्ड–आयु0/यू0फार्मे0उप0 वार्षिक परीक्षा /26 लखनऊ दिनांक– –09–2026
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
01– बोर्ड से मान्यता प्राप्त समस्त सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्रो के प्रधानाचार्यो को ई–मेल के माध्यम से ।
02– एस0आर0नेट को बोर्ड की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

(डा0 अखिलेश कुमार वर्मा)
परीक्षा नियंत्रक